Baba’s Praise

7/7/2015

- बाप समझा रहे हैं ऊंच ते ऊंच है भगवान फिर उनको ऊंच ते ऊंच कमान्डर इन चीफ आदि भी कहो क्योंकि तुम सेना हो ना। तुम्हारा सुप्रीम कमान्डर कौन है?

- ऊंच ते ऊंच बाप है। उनको जादूगर, रत्नागर, ज्ञान का सागर भी कहते हैं।

- बाप तुमको सच्ची सत्य नारायण की कथा सुना रहे हैं।

- तुम्हारा ब्राह्मण धर्म बहुत ऊंच है। वह शूद्र धर्म के, तुम ब्राह्मण धर्म के। तुम चोटी वह पैर।चोटी के ऊपर है ऊंच ते ऊंच भगवान निराकार।



- बाप कहते हैं मैं इनमें प्रवेश कर तुम बच्चों को सृष्टि चक्र की, रचयिता और रचना की नॉलेज देता हूँ।
- बाप आकर सत्य बात समझाते हैं।
- ब्रह्मा कोई क्रियेटर नहीं है। क्रियेटर तो एक निराकार ही है।
- जैसे बाप की महिमा अपरमअपार है, वैसे भारत की भी बहुत महिमा है।
- माशूक आया हुआ है, जिसको हम पुकारते थे, जरूर कोई शरीर में आया होगा।